बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।
आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम संचालित है। राज्य सरकार के द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन के लिए प्रत्येक प्रखण्ड में एक–एक प्रखण्ड स्तरीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र (BSDC) स्थापित किया गया तथा प्रखण्ड स्तरीय इन कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में खुली निविदा के माध्यम से कार्यक्रम के संचालन के लिए एजेन्सी का चयन किया गया। इस खुली निविदा के आधार पर Educomp solutions Pvt. Ltd. को मोतीपुर (मुजफ्फरपुर) BSDC के संचालन का दायित्व सौंपा गया ।

जिला कौशल प्रबंधक, मुजफ्फरपुर के द्वारा जून 2019 माह की परीक्षा की तिथि को BSDC मोतीपुर का निरीक्षण किया गया । निरीक्षणो उपरांत जिला कौशल प्रबंधक द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि एक Learning facilitator श्री रोहित कुमार एक Learner रिफत परवीन के साथ बैठकर परीक्षा दे रहे थे । उक्त घटनाक्रम का छाया चित्र भी उनके द्वारा उपलब्ध कराया गया है,साथ हीं जिला कौशल प्रबंधक के प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परीक्षा अवधि में उक्त केन्द्र का CCTv Camera बंद था । उक्त घटनाक्रम का लिखित कबुलनामा भी Learning facilitator श्री रोहित कुमार एवं Learner रिफत परवीन से प्राप्त करते हुए जिला कौशल प्रबंधक के द्वारा कौशल विकास मिशन को उपलब्ध कराया गया है ।

जिला कौशल प्रबंधक से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–859 दिनांक–24.7.2019 के द्वारा Educomp Solutions Pvt.Ltd. से स्पष्टीकरण पूछा गया था । उक्त के आलोक में श्री दिलीप त्रिपाठी, Project head Educomp Solutions Pvt.Ltd. के द्वारा अपना स्पष्टीकरण बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया है। अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि मामला हार्डवेयर त्रुटि से संबंधित है तथा Learning facilitator श्री रोहित कुमार को मामले की जानकारी होने के पश्चात सेवामुक्त कर दिया गया है।

सम्यक विचारोपरान्त Educomp Solutions Pvt.Ltd. से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है। संस्था द्वारा मोतीपुर (मुजफ्फरपुर) BSDC का संचालन बिहार कौशल विकास मिशन के नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। Learning facilitator के सहयोग से परीक्षा में कदाचार किया जाना एक गंभीर आरोप है।

अतएव उपरोक्त प्रमाणित आरोपों के लिए मोतीपुर (मुजफ्फरपुर) BSDC KYP code 09010029 का पंजीयन स्थायी रूप से रद्द किया जाता है एवं एजेन्सी के द्वारा जमा की गयी सुरक्षित जमा की राशि को जब्त किया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

ह0/–
(रंजिता)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक :– बी०एस०डी०एम० / एस0डी0एम०–18 / 2017(खण्ड–1) - 268 पटना,दिनांक – 13/03/20

प्रतिलिपी:–
1. सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. Project Director, MKCL/ Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. मिशन प्रबन्धक, वित्त एवं लेखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. मिशन निदेशक / प्रशासी पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन / मिशन प्रबन्धक(कार्यक्रम क्रियान्वयन) / मिशन प्रबन्धक(समन्वय)को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. सभी जिला नियोजन पदाधिकारी–सह–जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी, कौशल विकास मिशन / सभी जिला कौशल प्रबन्धक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
7. Educomp Solutions Pvt.Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.03.2020
(रंजिता)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

Scanned with CamScanner